अवधि : 30 मिनट उत्तर मध्यकालीन काव्य - 12 अंक : 20

( सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से )

1. घनानंद के प्रेम वर्णन में कौन-सी विशेषता नहीं है ?

a) स्वच्छंदता b) आसक्ति c) उभयपक्षीय प्रेम

d) स्वानुभूतिपरकता

2. घनानंद का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रन्थ कौन-सा है ?

a) वियोगवेलि b) पदावली c) इश्कलता d) सुजान सागर

3. घनानंद को 'साक्षात् रसमूर्ति' किसने कहा ?

a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल b) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

c) पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी d) डॉ. शिवदान सिंह चौहान

4. वियोग शृंगार का प्रधान मुक्तक कवि कौन है ?

a) मतिराम b) घनानंद c) भिखारी दास d) देव कवि

5. घनानंद के जीवन की वह घटना जिसके फलस्वरूप इन्हें वैराग्य हो गया और ये वृन्दावन आकर भक्ति साधना करने लगे -

a) राजदरबार में उचित सम्मान न मिलना ।

b) मुहम्मदशाह रंगीले द्वारा इन्हें दरबार से निकासित किया जाना ।

c) नादिरशाह के सिपाहियों द्वारा इनका एक हाथ काट डालना

d) प्रियतमा सुजान (वेश्या) द्वारा इनके साथ विश्वासघात किया जाना ।

6. सिखों के 'दशमग्रंथ' में गुरु गोविन्द सिंह की कितनी रचनाएँ संकलित हैं ?

a) 15 b) 16 c) 20 d) 21

7. गुरु गोविन्द सिंह की किस रचना में श्रृंगार रस का भी रंग है ?

a) चंडी चरित्र b) सुनीति प्रकाश c) चौबीस अवतार

d) उपर्युक्त सभी

8. हिन्दी में सतसई परम्परा की प्रथम कृति है -

a) हितरंगिणी b) बिहारी सतसई c) वीर सतसई

d) मतिराम सतसई

9. 'राम-चरितमानस' को छोड़कर सर्वाधिक टीकाएं किस ग्रंथ पर लिखी गई ?

a) सूरसागर b) बीजक c) पद्मावत d) बिहारी सतसई

10. निम्नलिखित में से किसने बिहारी को कवि नहीं माना है ?

a) मिश्रबंधु b) शिवसिंह सेंगर c) रामचन्द्र शुक्ल

d) डॉ. ग्रियर्सन

11. बिहारी की ऊहात्मक उक्तियों पर किसका प्रभाव है ?

a) दरबारी संस्कृति का b) रामकाव्य का

c) फारसी कविता का d) कृष्ण काव्य का

12. 'बिहारी सतसई' की टीका 'लाल-चन्द्रिका' नाम से किसने किया ?

a) लाल कवि b) कृष्ण कवि c) मिश्र बंधु d) लल्लू जी लाल

13. बिहारी के प्रत्येक दोहे पर सवैया छंद किसने लिखा ?

a) कृष्ण कवि b) भारतेन्दु c) रत्नाकर d) कविरत्न

14. 'बिहारी सतसई' के प्रथम टीकाकार है -

a) लल्लूलाल b) कृष्ण कवि c) आनंदीलाल d) मिश्रबंधु

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

15. 'बिहारी सतसई' की सबसे प्रामाणीक टीका किसकी है?
a) भारतेन्दु b) लल्लू जी लाल c) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'
d) आनंदीलाल शर्मा
16. बिहारी के कुछ दोहों पर कुण्डलिया छन्द के रचनाकार हैं -
a) गोरिधर कविराय b) महाराजा मानसिंह 'द्विजदेव'
c) सत्यनारायण 'कविरत्न' d) भारतेन्दु बाबू हरिश्चंद्र
17. बिहारी के दोहो पर उर्दू शेरो में अनुवाद किसने किया?
a) आनंदी लाल शर्मा b) मुशी देवी प्रसाद प्रीतम
c) भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र d) कृष्ण कवि
18. 'बिहारी सतसई' में लगभग कितने दोहे शृंगारिक हैं?
a) तीन सौ b) चार सौ c) पाँच सौ d) छह सौ
19. बिहारी की तुलना 'पीयूष वर्षी मेघ' से किसने की है?
a) राधा चरण गोस्वामी b) भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र
c) जगन्नाथ दास रत्नाकर d) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
20. बिहारी को 'शब्दों का चतुर प्रयोक्ता मात्र' किसने कहा?
a) जॉन गिलक्राइस्ट b) रेवेरेंड एडविन ग्रीव्ज
c) डॉ. ग्रियर्सन d) मैक्समूलर